आज़ादी का अमृत महोत्सव

# सी एस आई आर - केन्द्रीय यांत्रिक अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
**CSIR-CENTRAL MECHANICAL ENGINEERING RESEARCH INSTITUTE**
वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् / Council of Scientific & Industrial Research
दुर्गापुर / Durgapur - 713 209

सीएसआईआर CSIR भारत का नवाचार इंजन The Innovation Engine of India

संख्या/No. 8/2/2021(1)-Rct. दिनांक/ Dated : 12.07.2023

## सूचना / NOTICE

**विषय : सीएसआईआर-सीएमईआरआई के विज्ञापन संख्या 03/2021 के तहत वैज्ञानिकों/वरिष्ठ वैज्ञानिकों के पद पर भर्ती के लिए चयन समिति की बैठक के संबंध में**

इस संस्थान के समसंख्यक नोटिस दिनांकित 25.11.2022 की निरंतरता में, यह सभी संबंधितों की जानकारी के लिए है कि सीएसआईआर-सीएमईआरआई के विज्ञापन संख्या 03/2021 के तहत वैज्ञानिकों / वरिष्ठ वैज्ञानिकों की भर्ती के लिए चयन समिति की बैठक नीचे दिए गए कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित किया गया है।

| **स्थान एवं कार्यक्रम** |
|---|
| **साक्षात्कार की तिथि** : 04 – 09 अगस्त, 2023 |
| **पोस्ट कोड :** 210301, 210302, 210303, 210304, 210305, 210306, 210307 & 210308 |
| **साक्षात्कार का स्थान :** सीएसआईआर - आईआईसीबी ट्रांसलेशनल रिसर्च यूनिट ऑफ एक्सीलेंस (टीआरयूई), सीएन-06, सीएन ब्लॉक, (आरएस सॉफ्टवेयर के पास) सेक्टर V, साल्ट लेक सिटी, कोलकाता, पश्चिम बंगाल -700091 |

पोस्ट कोड और उम्मीदवारों के अनुसार चयन समिति की बैठक का विस्तृत कार्यक्रम **अनुलग्नक-I** के रूप में संलग्न किया गया है।

इस अनुक्रम में, संबंधित उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए निम्नलिखित सूचना दी जाती है:

1) साक्षात्कार से पहले उम्मीदवारों के दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। इसलिए, उन्हें अपने साथ शैक्षिक योग्यता, अनुभव, जन्म तिथि, जाति (यदि लागू हो), आधार/मतदाता पहचान पत्र आदि के समर्थन में मूल प्रमाण पत्र और प्रत्येक की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी का एक सेट और आवेदन के समय उपयोग किये गये पासपोर्ट आकार का फोटो लाना होगा, अन्यथा उन्हें साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। । ओबीसी प्रमाणपत्र के मामले में, यह भारत सरकार के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार गैर क्रीमी लेयर के लिए मान्य होना चाहिए।

2) यदि कोई उम्मीदवार सरकारी/पीएसयू/स्वायत्त निकाय में कार्यरत है, तो संस्थान के नोटिस दिनांक 25.11.2022 द्वारा सूचित अनुबंध-IV के अनुसार निर्धारित प्रोफार्मा में अपने नियोक्ता से **'अनापत्ति प्रमाणपत्र'** उम्मीदवार को अनिवार्य रूप से साक्षात्कार से पहले दस्तावेज़ सत्यापन के समय प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा उन्हें साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

3) उम्मीदवारों द्वारा अपने आवेदन में दावा किए गए अंकों के प्रतिशत को ध्यान में रखते हुये स्क्रीनिंग की प्रक्रिया की गयी है। उम्मीदवारों को 'दस्तावेज़ सत्यापन प्रक्रिया' के दौरान उनकी शैक्षणिक डिग्री के अंकों के प्रतिशत और अनुभव का वैध और प्रमाणिक प्रमाण प्रस्तुत करना आवश्यक है। उम्मीदवारों को सीजीपीए/एसजीपीए/ओजीपीए/डीजीपीए आदि से प्रतिशत और इसके विपरीत में रूपांतरण के लिए अपने विश्वविद्यालय/संस्थान का आधिकारिक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। यदि उनके आवेदन में दावा की गई योग्यता, अंकों का प्रतिशत, अनुभव, आयु, आदि सुनिश्चित नहीं होता है, तो ऐसे उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी।

12/07/23

4) बाहरी उम्मीदवारों को प्रमाण प्रस्तुत करने पर साक्षात्कार में भाग लेने के लिए, यात्रा करने के स्थान से या आवेदन में दिए गए वर्तमान पते से, जो भी निकट हो, मौजूदा प्रावधानों के अनुसार सीधे एवं लघुतम मार्ग से आने-जाने के रेल किराया की प्रतिपूर्ति की जाएगा। यात्रा भत्ता की प्रतिपूर्ति केवल साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले पात्र बाहरी उम्मीदवारों को ही की जाएगी। ऐसे उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय अपने बैंक विवरण यानी खाता संख्या, नाम और पता, आईएफएससी कोड इत्यादि प्रस्तुत करने की सलाह दी जाती है क्योंकि प्रतिपूर्ति की राशि इलेक्ट्रॉनिक रूप से संबंधितों के बैंक खाते में स्थानांतरित की जाएगी।

5) विज्ञापन के पैरा 4(f) के प्रावधानों के अनुसार, यदि कोई उम्मीदवार विदेश में रह रहा है, तो विदेश में रहने का वैध प्रमाण प्रस्तुत करने के साथ लिखित अनुरोध पर चयन समिति द्वारा Inabsentia में उसकी उम्मीदवारी पर विचार किया जा सकता है। तदनुसार, चयन समिति द्वारा Inabsentia के मामले पर विचार हेतु ऐसे उम्मीदवार अपने वैध Skype/ MS Team ID, टेलीफोन / मोबाइल नंबर आदि के साथ-साथ अपने पासपोर्ट / वीजा विवरण की प्रति तथा विदेश में रहने का प्रमाण सहित अपना अनुरोध दस्तावेजों के साथ recruit@cmeri.res.in पर दिनांक 21.07.2023 तक ईमेल भेज सकते हैं।

6) निर्धारित साक्षात्कार जरूरत पड़ने पर देर शाम अथवा अगले दिन तक जारी रह सकती है। अतः आपको अपने हित में ठहरने आदि की व्यवस्था उसी अनुसार स्वयं करने की सलाह दी जाती है।

7) साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को कॉल लेटर उनके आवेदन पत्र में दिए गए पते पर स्पीड पोस्ट द्वारा भेजे जा रहे हैं। जिन उम्मीदवारों को अपना कॉल लेटर नहीं मिलता है, वे साक्षात्कार के निर्धारित दिन सुबह 08:00 बजे साक्षात्कार स्थल यानी **सीएसआईआर - आईआईसीबी ट्रांसलेशनल रिसर्च यूनिट ऑफ एक्सीलेंस (टीआरयूई), सीएन-06, सीएन ब्लॉक (आरएस सॉफ्टवेयर के पास), सेक्टर V, साल्ट लेक सिटी, कोलकाता, पश्चिम बंगाल -700091** पर अपने मूल प्रमाण पत्र, आधार आईडी / वोटर आईडी और डुप्लिकेट कॉल लेटर जारी करने के लिए आवेदन पत्र में उपयोग की गई समान पासपोर्ट आकार की तस्वीर के साथ अधोहस्ताक्षरी को रिपोर्ट कर सकते हैं।

8) यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि निर्धारित समय के भीतर प्राप्त आवेदनों तथा आवेदकों के द्वारा किये दावों / सूचनाओं के आधार पर स्क्रीनिंग की प्रकिया पूरी की गयी है । साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग किसी भी उम्मीदवार को साक्षात्कार में शामिल होने का कोई अधिकार नहीं देती है। उन्हें साक्षात्कार के लिए केवल तभी अनुमति दी जाएगी जब वे विज्ञापित मानदंडों को पूरा करते हैं और दस्तावेजों के सत्यापन के समय आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करते हैं।

9) इसके अलावा, दस्तावेज़ सत्यापन/चयन प्रक्रिया के दौरान या पदभार ग्रहण के बाद भी किसी भी चरण में, यदि यह पाया जाता है कि कोई उम्मीदवार निर्धारित मानदंडों और/या सीएसआईआर/भारत सरकार के नियमों के अनुसार पद के लिए पात्र नहीं है/ था तो उसकी उम्मीदवारी को बिना कोई कारण बताए खारिज कर दिया जाएगा और उसके विरुद्ध नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। पात्रता, आवेदनों की स्वीकृति या अस्वीकृति, चयन का तरीका, परीक्षा/साक्षात्कार के संचालन से संबंधित सभी मामलों में सीएसआईआर-सीएमईआरआई का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा।

10) टाई मामलों, अर्थात जहां भी दो या दो से अधिक उम्मीदवारों ने समान अंक प्राप्त किया है, का समाधान, सीएसआईआर के पत्र संख्या 5-1(211)/2014-पीडी दिनांक 30.05.2023 के अनुसार किया जाएगा।

12/07/23

11) साक्षात्कार की तिथि, समय, स्थान और अन्य संबंधित दिशानिर्देशों में कोई भी बदलाव तदनुसार केवल सीएसआईआर-सीएमईआरआई वेबसाइट पर सूचित किया जाएगा। इसलिए, उम्मीदवारों को नियमित तौर पर हमारे आधिकारिक वेबसाइट यानी www.cmeri.res.in देखने की सलाह दी जाती है।

**NB: In case of any discrepancy between English and Hindi version, the English version of this notice, issued on 06.07.2023, shall prevail.**

**ध्यान दें : अंग्रेजी और हिंदी संस्करण के बीच किसी भी विसंगति के मामले में, 06.07.2023 को जारी किए जाए इस नोटिस का अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा ।**

(बी. पी. साव / B. P. Saw)
प्रशासनिक अधिकारी / Administrative Officer

संलग्न. : अनुलग्नक - I (पोस्ट कोड और उम्मीदवारों के अनुसार साक्षात्कार का कार्यक्रम)

प्रतिलिपि

1. आईटी प्रमुख: संस्थान के वेबसाइट में नोटिस के प्रकाशन के लिए
2. कार्यालय प्रति